रजिस्ट्री सं॰ डी॰एल॰-33004/98 REGD. NO. D.L.-33004/98

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-Section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 301] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 14, 1998/वैशाख 24, 1920
No. 301] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 14, 1998/VAISAKHA 24, 1920

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 14 मई, 1998

का. आ. 399 (अ).—निम्नलिखित को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है:—

मेती उग्रवादी संगठन -

विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के मामले में

माननीय न्यायाधीश श्री के॰ राममूर्ति

विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण के समक्ष

भारत सरकार ने 13 नवम्बर, 1997 को एक अधिसूचना सं॰ का॰आ॰ 780(अ) जारी की है जो निम्नलिखित है:—

''साधारणतया पी॰एल॰ए॰ के रूप में ज्ञात पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी और उसके राजनीतिक खण्ड दी रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रन्ट (आर॰पी॰एफ॰), दी यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रन्ट (यू॰एन॰एल॰एफ॰), दी पीपुल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पी॰आर॰ई॰पी॰ए॰के॰) और उसके सशस्त्र खण्ड ''रेड आर्मी'' कांगलीपाक कम्यूनिस्ट पार्टी (के॰सी॰पी॰) और इसके सशस्त्र विंग जिसको भी ''रेड आर्मी'' कहा जाता है, तथा कांगली या ओल कानबा लुप (के॰वाई॰के॰एल॰) (जिसे इसमें इसके पश्चात् सामूहिक रूप से मैती उग्रवादी संगठन कहा गया है) ने:—

(i) मणिपुर राज्य को भारत संघ से अलग कर स्वतंत्र मणिपुर के गठन का अपना उद्देश्य खुले तौर पर घोषित कर दिया है,

(ii) अपने उपर्युक्त उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सशस्त्र साधन रखे हैं और उनका उपयोग करता है,

(iii) मणिपुर में सुरक्षा बलों, पुलिस, सरकारी कर्मचारियों और कानून का पालन करने वाले नागरिकों पर आक्रमण करते रहे हैं,

(iv) अपने संगठन के लिए धन संग्रहण हेतु असैनिक आबादी को अभित्रास, उद्यापन और लूटने की गतिविधियों में लिप्त हैं, और

(iv) लोकमत को प्रभावित करने और अपने अलगाववादी उद्देश्य की प्राप्ति के प्रयोजनार्थ शस्त्र और प्रशिक्षण की सहायता प्राप्त करने हेतु विदेशी स्त्रोतों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास करते रहे हैं ।

2. और केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि पूर्वोक्त कारणों से मैती उग्रवादी संगठन और उनके द्वारा बनाए गए अन्य निकाय जिनमें ऊपर नामित सशस्त्र समूह भी है, विधि विरुद्ध संगम हैं ।

3. अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैती उग्रवादी संगठनों अर्थात् दी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी0एल0ए0) और उसके राजनीतिक विंग दी रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रन्ट (आर0पी0एफ0), दी यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट (यू0एन0एल0एफ0), पीपुल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पी0आर0ई0पी0ए0के0) और उसकी रेड आर्मी कांगलीपाक कम्यूनिस्ट पार्टी (के0सी0पी0) और उसके सशस्त्र विंग जिसको भी रेड आर्मी कहा जाता है तथा कांगलीयाओल कानबा लुप (के0वाई0के0एल0) को गैर कानूनी संगम घोषित करती है ।

4. और:-

(i) सुरक्षा बलों और असैनिक आबादी पर (सशस्त्र समूहों और मैती उग्रवादी संगठनों के सदस्यों) द्वारा आक्रमण और हिंसा के मामले बार-बार हुए हैं तथा हो रहे हैं,

(ii) मैती उग्रवादी संगठनों की संख्या में वृद्धि हुई है,

(iii) निरन्तर धन संग्रहण, उद्यापन और परिष्कृत हथियार अर्जित किए जा रहे हैं,

(iv) शरण लेने, प्रशिक्षण लेने तथा हथियार और गोलाबारूद छिपाकर प्राप्त करने के लिए कुछ पड़ौसी देशों में कैम्प बनाए हुए हैं ।

5. केन्द्रीय सरकार की राय है कि मैती उग्रवादी संगठन के पूर्वोक्त क्रियाकलाप, भारत की प्रभुता एवं अखण्डता के लिए हानिकर हैं और यदि उन पर तुरन्त रोक न लगाई जाए और उन्हें नियंत्रित न किया जाए तो उक्त मैती उग्रवादी संगठन पुनः समूहबद्ध होंगे, अपने को हथियारों से

सुसज्जित करेंगे, अपने काडरों का विस्तार करेंगे, परिष्कृत हथियार प्राप्त करेंगे, बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों एवं सिविलियनों की हत्या करेंगे और भारत संघ से मणिपुर को अलग करने के अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने क्रियाकलाप की गति तीव्र करेंगे ।

6. उपर्युक्त पैरा 4 और पैरा 5 में निर्दिष्ट परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार की यह राय है कि यह आवश्यक है कि मैती उग्रवादी संगठनों अर्थात् पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी0पल0ए0) और इसके राजनैतिक खण्ड दी रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रन्ट (आर0पी0पफ0), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट (यू0पन0पल0पफ0), पीपुल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (प्रीपाक), कांगलीपाक कम्यूनिस्ट पार्टी (के0सी0पी0) और उनके सशस्त्र खण्ड जिसे "रेड आर्मी" कहा जाता है, कांगली याओल कानबा लुप (के0वाई0के0पल0) को तत्कालिक प्रभाव से विधि विरुद्ध संगम घोषित किया जाए और तदनुसार उक्त धारा 3 की उपधारा (3) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार यह निदेश देती है कि यह अधिसूचना, उक्त अधिनियम की धारा 4 के अधीन किए जाने वाले किसी आदेश के अध्यधीन, राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होगी ।

2. अधिकरण ने प्रभार संभालने के बाद संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए और जब पक्षों को नोटिसें तामील कर दी गई तो भारत ने कानून की अपेक्षा के अनुसार शपथ-पत्र और दस्तावेज जमा किए । मैती नामक आतिवादी संगठनों को प्रकाशन भी उपलब्ध कराए गए थे । उन्होंने उपस्थित होकर प्रतिवाद न करने का रास्ता चुना है । भारत सरकार की ओर से श्री राम फल, डेस्क अधिकारी ने शपथ-पत्र दाखिल किया जिसमें उन परिस्थितियों का वर्णन किया गया था जिनके तहत अधिसूचना जारी की गई । मणिपुर और असम राज्य की ओर से गवाहों से जिरह की गई और दस्तावेज रेखांकित किए गए ।

3. गवाहों और दस्तावेजों से संबंधित ब्यौरे इस प्रकार हैं:-

पी0डब्ल्यू0 1 इंस्पेक्टर लैसराम बीराभू सिंह

पी0डब्ल्यू0 2 सब इंस्पेक्टर लेच्छोमबाम बसंत सिंह

पी0डब्ल्यू0 3 सब इंस्पेक्टर गैथोइलंग लौंगमेई

पी0डब्ल्यू0 4 सब इंस्पेक्टर पेंगकोकपाम चंद्रमणि सिंह

पी0डब्ल्यू0 5 सब इंस्पेक्टर हिंदगमायूं रामेश्वर शर्मा

पी0डब्ल्यू0 6 श्री हौपेसन चिफांग

पी0डब्ल्यू0 7 श्री येलम भीष्म सिंह

पी0डब्ल्यू0 8 श्री छकछुआग लैरोपुअैया

पी0डब्ल्यू0 9 श्री सिमाजंग खंसन

पी0डब्ल्यू0 10 श्री पस0 दिनेशकुमार सिंह, अपर सचिव (गृह) मणिपुर सरकार, इम्फाल

पी0डब्ल्यू0 11 श्री रामफल, डेस्क अधिकारी, भारत सरकार, गृह मंत्रालय

एक्स0पी0 _ प्रथम सूचना रिपोर्ट 1966 का 21(4) थाना मोरेंग

एक्स0पी0 2 प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0 1996 का 55(8) थाना विष्णुपुर

एक्स0पी0 3 प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0 1997 का 37(8) थाना लैमसांग

एक्स0पी0 4 प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0 1997 का 119(6) थाना लाम्फेल

एक्स0पी0 5 से पी0 10 तक दस्तावेजों की प्रतियां बरामद कर अभिग्रहित कर ली गई हैं

एक्स0पी0 11 प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0 815(11)/95

एक्स0पी0 12 रशीद सं0 201, पीपुल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक के पत्र शीर्ष पर जारी

एक्स0पी0 13 प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0 243(11)95 थाना सिंगजमेइ

एक्स0पी0 14 और पी0 15 दस्तावेजों की प्रतियां बरामद कर अभिग्रहित की गई

एक्स0पी0 16 प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0 1997 का 83(7) थाना थौबल

एक्स0पी0 17 प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0 1997 का 78(4) थाना चूड़ाचंदपुर

एक्स0पी0 18 प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0 1996 का 12(1) थाना लामलाइ

एक्स0पी0 19 रशीद सं0 101, कांगलेइ यावोल कन्ना लूप के पत्र शीर्ष पर

एक्स0पी0 20 श्री पस0 दिनेश कुमार सिंह, अपर सचिव (गृह), मणिपुर सरकार, इम्फाल

एक्स0पी0 21 श्री रामफल, डेस्क अधिकारी, भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा 13·2·98 को वायर शपथ-पत्र

एक्स0पी0 22 13·11·1997 की अधिसूचना

3· सरकार की ओर से जारी किए गए साक्ष्यों से स्पष्ट होगा कि न केवल संबंधित क्षेत्र में बल्कि संपूर्ण राष्ट्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिसूचना जारी करना पूर्ण औचित्यपूर्ण था । हमारे देश की लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था को देखते हुए यदि देश का कोई भाग रोगग्रस्त

हो जाता है, जैसा कि हो गया था, तो इससे देश के अन्य भाग भी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से प्रभावित होने स्वाभाविक है । इस देश का प्रत्येक नागरिक जो संपूर्ण राष्ट्र की भलाई के संबंध में सोचता है, इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि सांप्रदायिक दृष्टिकोणों से न केवल भौतिक दृष्टि से देश की प्रगति में बाधा होगी बल्कि इससे हम गुमनामी के अंधेरे में खो जाएंगे जबकि विश्व के अन्य भागों के लोग शांति और सद्भाव के कठिन प्रयास कर रहे हैं । हम आशा और प्रसन्नता से भरी सहस्त्राब्दि में प्रवेश करने जा रहे हैं, इस समय यदि सभी भारतीय गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए संयुक्त रूप से प्रयास नहीं करेंगे तो हमारा देश निर्धनता का उन्मूलन नहीं कर सकेगा और हम पिछड़ जाएंगे जबकि अन्य देश अच्छे जीवन के लिए अपेक्षित प्राप्त करने में सक्षम हैं ।

4. अधिसूचना के प्रथम पैराग्राफ में सभी संगठनों को सामूहिक रूप से मैती आतंकवादी संगठन कहा गया है । मैती नामक यह शब्द पूर्वी भारत के मूल निवासियों के वंशजों का प्रतिनिधित्व करता है और इतिहास के अध्ययन से स्पष्ट होगा कि ये लोग उच्च स्तर की शिक्षा संस्कृति का जीवन व्यतीत कर रहे थे और इन्हें मैती कहा जाता था । इन लोगों के गुणों का वर्णन करते हुए श्री सत्य साई बाबा ने कहा थाः-

> "वेदों के अनुसार वास्तविक शांति का मूलाधार मैती का गुण है जिससे तात्पर्य मैत्रीभाव, दोस्ती, करुणा और दया से है । इससे तात्पर्य "माई थी" अर्थात मेरा विश्व, कार्य और विचार से है । इसे अन्य शब्दों में इस प्रकार भी कहा जा सकता है हम लोग प्रेम और सौहार्द के वातावरण में किसी तनाव और वैमनस्य के बिना सामूहिक रूप से संभाषण, चिंतन और कार्य करेंगे । आज के युग में यही अपेक्षित है ।"

5. वास्तव में यह खेदजनक है कि उन पुरुषों और महिलाओं के उत्तराधिकारियों ने स्थापित सरकारों के विरुद्ध हथियार उठाया है । लोग राष्ट्रपिता और अन्य महान नेताओं द्वारा स्थापित किए गए आदर्शों और सिद्धान्तों को भूल गए हैं । हिंसा का सहारा लेकर लोगों को कुछ भी प्राप्त नहीं हो सकता राष्ट्रपिता ने यह सिद्ध कर दिया था कि प्रेम और स्नेह से तथा अहिंसक तरीकों से लोग महान उपलब्धियां प्राप्त कर सकते हैं । मैं स्थिति का पंडिताऊ विश्लेषण नहीं करना चाहता और न ही मेरा इरादा गुरु बनने का है । जब ऐसा अवसर आया है कि मैं पूर्वी भारत में रहने वाले अपने भाइयों और

बहनों को यह बता सकूं कि हिंसा का रास्ता अपनाना उपयोगी नहीं होगा और इससे केवल प्रान्त के लोग ही प्रभावित होंगे और शायद हमें चीजों को सही रास्ते पर लाने में सालियां लग जाएं । लोगों को श्री सत्य साई बाबा द्वारा दिए गए निम्नलिखित दस सिद्धान्त अपनाने होंगे और यदि वे सचमुच प्रान्त के लोगों के हित में कार्य करना चाहते हैं तो उन्हें देश की मुख्य धारा में शामिल होना होगा और देश के अन्य भागों में रह रहे लोग हमेशा उनका स्वागत करने के लिए तैयार रहेंगे और उन्हें सारी अपेक्षित सहायता देंगे:-

"मातृभूमि से प्रेम करो और उसकी सेवा करो, दूसरों को मातृभूमि से नफरत मत करो और ठेस मत पहुंचाओ ।

प्रत्येक धर्म का सम्मान करो, प्रत्येक धर्म एक ही ईश्वर तक जाने का मार्ग है ।

सभी इंसानों को बिना किसी भेदभाव के प्रेम करो, इस बात को जानो कि मानवजाति एक अकेला संप्रदाय है ।

अपना घर और इसका वातावरण स्वच्छ रखो, इससे आपका तथा समाज का स्वास्थ्य और प्रसन्नता सुनिश्चित होगी ।

जब भिखारी भिक्षा के लिए हाथ पसारें तो सिक्के मत फेंकिए, उन्हें स्वावलंबी बनने में सहायता करें । भोजन और आश्रय प्रदान करें । बीमार और वृद्धों को प्रेम करें और उनकी देखभाल करें ।

दूसरों को रिश्वत का लालच न दें अथवा रिश्वत लेकर स्वयं को नीचा न करें ।

किसी भी मुद्दे पर ईर्ष्या, नफरत अथवा जलन न पनपने दें ।

अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दूसरों पर निर्भर न रहें दूसरों की सेवा करने से पहले स्वयं के सेवक बनिये ।

राज्य के नियमों का पालन करें और एक आदर्श नागरिक बनिये ।

ईश्वर पर श्रद्धा रखें, पाप से घृणा करें ।

6. मैं सोचता हूं कि यह प्रारंभिक अवलोकन संबंधित लोगों को संदेश भेजने में सहायता करेगा और मैंने इन तथ्यों की ओर ध्यान दिलाना उचित समझा क्योंकि सरकार मानव समस्याओं को देख रही है ।

7. मैं अब सरकार के सामने रखे गए साक्ष्यों का ध्यान से विश्लेषण करता हूं । पी0डब्ल्यू0 1 निरीक्षक लेशराम बीरजू सिंह करेंगे:-

"मैं मोरंग पुलिस स्टेशन पर 22.12.96 से इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हूं । 9.4.1996 को लगभग शाम 6.45बजे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक टी0के0 राव अपने मार्गरक्षी दल सहित गुरुचंद्रपुर की ओर जा रहे थे और रास्ते में जेलनेाल गांव के पास संगाइलू पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक और मार्गरक्षी दल को कुछ गुंडों/आतंकवादियों ने जो शायद घाटी के आतंकवादी थे ने अचानक आक्रमण किया । उस आक्रमण में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक तथा 8 अन्य पुलिस कार्मिक और दो औरतों सहित 3 नागरिक मारे गए । इन लोगों को मारने के बाद ये बदमाश भाग गए और अपने साथ चार ए0के0 47 राइफलें और कुछ गोला-बारूद, तीन स्टेन कारबाइन तथा एक रिवाल्वर, एक मोबाइल वायरलैस सेट तथा पांच बुलेटप्रूफ वेस्ट ले गए । इसके बाद तत्कालीन प्रभारी अधिकारी पी0एस0 मोयरंग द्वारा भारतीय दंड संहिता के खण्ड 121/121क/307/302/395/397 के तहत 25(1-ख)(क) शस्त्र अधिनियम दिनांक 9.4.96 के 13 यू0ए0पी0 अधिनियम के अंतर्गत एक मामला दर्ज किया गया जिसका एफ0आई0आर0 नं0 1996 का 21(4) था । मैं मूल प्रथम सूचना रिपोर्ट अपने साथ लाया हूं (मूल प्रस्तुत कर दी गई और अवलोकन किया गया) प्रतिलिपि एक्स0पी0-1 मार्क की गई । मैंने अभी तक अदालत में आरोप-पत्र दाखिल नहीं किया है । जांच के दौरान पाया गया कि यद्यपि पहले यह विश्वास किया जा रहा था कि यह कार्य घाटी के संदिग्ध बदमाशों का है किन्तु बाद में दो दोषी लोगों को पकड़ने के बाद यह पता चला कि यह कार्य पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के सशस्त्र

बदमाशों का है और यह सुनिश्चित किया गया और इसकी पुष्टि की गई । थोकोम बिजोय भूपेन्द्रो टिकेन सुपुत्र श्री इबोहल सिंह, निवासी थिनून्गी अवांग लीकई से की गई पूछताछ के दौरान यह भेद खुला कि उनके द्वारा अपनाया गया तरीका यह था कि पहले गांव के क्षेत्र विशेष को आग लगा दी जाए और कुछ घरों के ढहने के फलस्वरूप किसी ने पुलिस स्टेशन मोयरंग को सूचना दी । पुलिस स्टेशन के तत्कालीन प्रभारी अधिकारी ने अग्निशमन कार्मिकों से संपर्क किया और उसी दौरान जिला बिष्णुपुर के पुलिस अधीक्षक जो चूड़ाचंदपुर की ओर जा रहे थे, पर रास्ते में आक्रमण किया गया । यह अभियुक्त विशेष जिसकी मेरे द्वारा पूछताछ की गई आक्रमण में सीधी तरह शामिल नहीं था बल्कि घरों को ढहाने के लिए पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी की ओर से था । इस संगठन की एक और शाखा है जिसका नाम आर0पी0एफ0 है अर्थात रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रन्ट । पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी और आर0पी0एफ0 के उद्देश्य और लक्ष्य है । मणिपुर को भारत संघ से अलग करना §2§ मणिपुर को प्रभुत्व राज्य बनाना, §3§ मणिपुर के कथित खोए हुए क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करना §4§ दक्षिण-पूर्व मध्य एशिया के भौगोलिक क्षेत्रों में मंगोलियाई मूल के लोगों को संगठित करना । इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए ये लोग सुरक्षा कार्मिकों पर आक्रमण कर रहे हैं ताकि उनसे शस्त्र और गोलाबारूद ले सकें और मणिपुर की विधिपूर्वक स्थापित सरकार और भारत सरकार के विरुद्ध लड़ाई शुरू कर सकें । इस समय मणिपुर मुख्यतः घाटी क्षेत्र में मूलरूप से रह रही जाति का नाम मैती जाति है ।

8· इससे यह पता चलता है कि कुछ लोगों ने जो यह मानते हैं कि वे क्षेत्र के लोगों के लिए कुछ अच्छा करने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे तरीके अपनाए हैं जो न केवल मानव मर्यादा के विरुद्ध है बल्कि देश के नैतिक ताने-बाने को भी पूर्णतया नष्ट करने वाले हैं । पी0डब्ल्यू0-1 द्वारा बताई गई घटनाएँ निःसंदेह सच्ची है ।

9· पी0डब्ल्यू0 2 में सब इंस्पेक्टर लेचोमबम बसन्त सिंह ने अपने साक्ष्य में उन्हें ज्ञात घटनाओं का वर्णन किया तथा उनके द्वारा दिया गया साक्ष्य निम्न प्रकार हैः-

"मुझे 10·4·1994 से बिष्णुपुर पुलिस स्टेशन में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात किया गया है । मैं भारतीय दंड संहिता की धारा 121/122/302/34, 25§1-बी§ शस्त्र अधिनियम तथा 13 यू0ए0पी0 अधिनियम के अंतर्गत थाना बिष्णुपुर की 1996 की मूल

एफ0आई0आर0 सं0 55§8§ लाया था । यह उग्रवादियों से संबंधित है जो उग्रवादी संगठनों जैसे पी0एल0ए0/आर0पी0एफ0 के प्रति अपनी निष्ठा बनाए हुए है । मैंने इस मामले की जांच करवाई है । दिनांक 31·7·1996 को सांय लगभग 9·00बजे निगथौखोंग नदी के समीप तीन गैर मणिपुरी मारे गए थे । तीन गैर-मणिपुरियों को टैक्स अदा न करने के कारण मारा गया था जो पी0एल0ए0/आर0पी0एफ0 नामक उग्रवादी संगठनों से संबद्ध उग्रवादियों द्वारा उन पर लगाया गया था । चूंकि मृतक व्यक्तियों ने टैक्स देने से इन्कार किया था, अतः अन्यों के समक्ष उनका उदाहरण पेश करने के उद्देश्य से उन्हें मार डाला गया था । इस मामले की छानबीन के दौरान कुम्बी के एम0 गोपेन्द्र उर्फ टॉनी नामक एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था । सतत् छानबीन के दौरान एम0 गोपेन्द्र उर्फ टॉनी नामक इस अभियुक्त ने यह बात उजागर की कि उसने अपने दो सहयोगियों के साथ स्टेनगन से दो गैर-मणिपुरी व्यक्तियों की हत्या की थी । एम0 गोपेन्द्र उर्फ टॉनी ने यह बताया कि वह पी0एल0ए0 संगठन से संबद्ध है । मैं मूल एफ0आई0आर0 लाया हूं §मूल प्रस्तुत और अनुशीलन किए गए§ उसकी एक प्रतिलिपि पृष्ठ 2 पर है । पी0एल0ए0 का अर्थ है - पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी । इसका उद्देश्य और ध्येय है - मणिपुर को भारत से अलग करना §2§ मणिपुर को प्रभुसत्ता संपन्न-राज्य बनाना §3§ मणिपुर की खोई हुई सीमाओं को पुनः प्राप्त करना §4§ दक्षिण-पूर्व मध्य एशिया के भौगोलिक रूप से निकटस्थ क्षेत्रों में मंगोलियन मूल के लोगों को विधिवत स्थापित प्राधिकरणों के खिलाफ अनाधिकृत हथियारों का प्रयोग करके और उन्हें धारण करके भारत सरकार के खिलाफ भारत सरकार और मणिपुर राज्य के रक्षा बल भी है, लड़ाई लड़कर एक राष्ट्र में एकीकृत करना ।

10· पी0डब्ल्यू0 2 के साक्ष्य से राज्य के हालातों का पता भी चलेगा । वे व्यक्ति जिन्हें कानून और व्यवस्था के रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है, की नृशंस हत्या कर दी जाती है और कोई भी सरकार केवलमात्र मूक दर्शक बनकर नहीं रहना चाहती । यह सरकार का सर्वोपरि कर्तव्य है कि वह लोगों के जीवन की रक्षा के लिए एक शांतिपूर्वक और अनुकूल वातावरण बनाए क्योंकि हमारे देश के इतिहास में समय-समय पर अनेक उतार-चढ़ाव आए हैं ।

11. पी०डब्ल्यू० 3 में सब-इंस्पेक्टर गैथोईलंग लॉगमेई, जो कि लायशांग पुलिस स्टेशन में एक पुलिस अधिकारी है, ने अपने साक्ष्य में बताया है कि:-

"फिलहाल मैं लामशांग पुलिस स्टेशन में 1.3.1996 से सब-इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हूं । मैं 1997 की मूल एफ०आई०आर० सं० 37(8) लाया हूं और इसके साथ उग्रवादी संगठनों से संबद्ध मामला है और इस उग्रवादी संगठन का नाम यू०एन०एल०एफ० नामक यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रन्ट है । 6.8.1997 को सेना के एक दल ने थैथेलोन ग्राम के समीप यू०एन०एल०एफ० कैम्प के बेस पर छापा मारा । पहाड़ी का नाम पंडोनगबा पहाड़ी है । यू०एन०एल०एफ० के बेस कैम्प पर पहुंचने पर सेना के दल को एक सेंट्रल चौकी मिली और उन्हें वहां तैनात संतरियों को काबू करना पड़ा । इसके फलस्वरूप, अंदर के उग्रवादियों ने बदले में हमला किया । जिससे मुठभेड़ हो गई । मुठभेड़ होने के 30 मिनट के बाद यू०एन०एल०एफ० के उग्रवादी अपने बेस कैम्प अर्थात मुठभेड़ के स्थान को छोड़कर भाग गए । तब सेना के कार्मिक बेस कैम्प के भीतर घुसे और दो लाशें बरामद कीं । उन्हें बड़ी मात्रा में शस्त्र एवं गोलाबारूद मिले, जो कि अत्याधुनिक स्वरूप के थे और जिन्हें उग्रवादियों ने भागते समय वहीं कैम्प में छोड़ दिया था । मैं भारतीय दंड संहिता की धारा 121/121ए/307, 25(1-बी) शस्त्र अधिनियम, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और 13 यू०ए०पी० अधिनियम के अंतर्गत लामशांग थाने की 1997 की एफ०आई०आर०सं० 37(8) लाया हूं । (मूल प्रस्तुत और देख लिए गए) उसकी एक प्रतिलिपि पृष्ठ 3 पर है । मेरी छानबीन के अनुसार, थैथेलोन गांव में बेस कैंप स्थापित किए जाने का उद्देश्य डकैती, लूटपाट, राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर तैनात सुरक्षा बलों से शस्त्र व गोला-बारूद छीनना था । मैंने दो अभियुक्तों अर्थात सरायसाम रणजीत सिंह और निगमबम नानाओ सिंह को गिरफ्तार किया है । इन गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने यू०एन०एल०एफ० उग्रवादी संगठन से संबंध होने की बात स्वीकार की है और यह स्वीकार किया है कि उन्होंने म्यामार और सुमनु प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त किया था । उन्होंने शस्त्र एवं गोला-बारूद का इस्तेमाल करने के लिए स्वयं को प्रशिक्षित करने हेतु मिलिट्री ट्रेनिंग ली है और उन्होंने राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय एकता के संबंध में इन-डोर क्लास में भी प्रशिक्षण प्राप्त किया ताकि मौजूदा भारत संघ से मणिपुर की प्रभुसत्ता हासिल की जा सके । यू०एन०एल०एफ० का उद्देश्य भारत संघ के कथित प्रभुत्व से मौजूदा

मणिपुर राज्य को आजादी दिलाना है । दूसरा, मणिपुर की खोई हुई राजनीतिक प्रभुसत्ता को बहाल/प्राप्त करना है ताकि मणिपुर और उसके पड़ौसी राज्यों का प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य स्थापित किया जा सके और मणिपुर की खोई हुई सीमाओं को पुनः प्राप्त किया जा सके तथा दक्षिण पूर्व मध्य एशिया के भौगोलिक रूप से निकटस्थ क्षेत्रों में मंगोलियन मूल के लोगों को एक राष्ट्र में एकीकृत किया जा सके ।"

यहां तक कि इस गवाही का प्रमाण एक बहुत गंभीर स्थिति को उभारेगा और जिसे सहन नहीं किया जा सकता ।

12. पी0डब्ल्यू0 4 सब-इंस्पेक्टर यंगकोकपम चन्द्र मानी सिंह ने अपने साक्ष्य में कहा है :-

"मैं दिनांक 17.4.1997 से लम्फेल पुलिस स्टेशन पर तैनात हूं । मेरे पास ऐसा मामला आया जो आतंकवादी संगठन यू0पल0एफ0 से संबंधित है और जिसकी मेरे द्वारा जांच की जा रही है । मैं मूल मामला और भारतीय दण्ड संहिता की धारा 121/121 - क और 10/13 यू0ए0पी0 अधिनियम के तहत लामफेल पुलिस स्टेशन की एफ.आई.आर. पत्र सं0119(6)/97 लाया हूं । इसकी एक प्रतिलिपि प्रदर्श के पृष्ठ-4 पर है । दिनांक 27.6.1997 को 24 असम राइफल्स के एक दल ने यह सूचना प्राप्त की कि यू.एन.एल.एफ. के कुछ शीर्ष नेता ली इंगखोल में आश्रय ले रहे थे । तदनुसार, 24 असम राइफल्स ने उस क्षेत्र में घेरा डाला और छानबीन की कार्यवाही की और एक इबोमचा उर्फ एच. मनगांग की गिरफ्तारी की जो यू.एन.एल.एफ. होम का सदस्य प्रभारी था । उसकी गिरफ्तारी पर पाया गया कि उसके पास यू.एल.एल.एफ. से संबंधित छः दस्तावेज थे और वही उसके पास से बरामद किए गए । 24 असम राइफल्स कमांडेंट द्वारा यह पकड़ा हुआ इबोमचा उर्फ एच. मनगांग पुलिस स्टेशन लम्फेल के प्रभारी अधिकारी को शिकायत एवं बरामद और जब्त किए दस्तावेजों सहित सौंपा गया । प्रदर्श के पृष्ठ 5 से पृष्ठ 10 बरामद और जब्त किए दस्तावेजों की फोटो प्रतियां हैं । (मूल प्रस्तुत किए और देखे गए) इस मामले में जांच चल रही है । गिरफ्तार किए गए आभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में दुबारा ले लिया गया । यू.एन.एल.एफ. का सशस्त्र स्कंध मणिपुर लोक सेना है । दस्तावेजों से पता चला है कि आतंकवादी एक समानांतर सरकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं । यू.एन.एल.एफ. का लक्ष्य और

उद्देश्य है कि स्थापित प्राधिकरणों जिनमें भारत सरकार और मणिपुर राज्य के सुरक्षा बल शामिल हैं, के विरुद्ध अप्राधिकृत शस्त्र धारण करके और उनका प्रयोग करते हुए भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करके मणिपुर को भारत से अलग करना, (2) मणिपुर स्वतंत्र राज्य की रचना, (3) मणिपुर के खोए हुए क्षेत्र लौटाना (4) दक्षिणी पूर्वी मध्य एशिया के भौगोलिक समीपवर्ती क्षेत्रों के मंगोलियन मूल के लोगों को एक राष्ट्र में इकट्ठा करना ।"

13• यह कार्रवाई देश के प्रति कर्त्तव्य की किसी भी भावना के बगैर कानून तोड़ने का स्पष्ट उदाहरण है ।

14• पी•डब्ल्यू• 5 एस•आई• शिवनगमायूम रमेश्वर शर्मा ने कहा है :-

" मैं 21•11•1992 से इम्फाल पुलिस स्टेशन में सब-इन्सपेक्टरके रूप में तैनात हूँ । मैं एक मामला एफ•आई•आर• सं• 815(11)/95 की जांच कर रहा हूँ और यह पाक हितैषी संगठन की गतिविधियों से संबंधित है । दिनांक 20•11•1995 को लगभग सुबह 9•45 बजे, मामले का शिकायतकर्ता द्रुतगामी बल , जिला इम्फाल के ए•एस•आई•एम• राजन सिंह अपने दल सहित कंगाबम लेकाई, इम्फाल पुलिस स्टेशन पर गश्त ... ड्यूटी पर थे । अपनी गश्त ड्यूटी के दौरान उन्हें एस• टेबो सिंह उर्फ लोयमबा नाम का एक युवक मिला । शिकायतकर्ता ने टेबो सिंह पर काबू पा लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से एक •38 रिवाल्वर जिसमें 6 जीवन्त कारतूस थे बरामद की गई। एफ•आई•आर• की प्रति प्रदर्श के पृष्ठ 11 पर है और कांगलेपाक की पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी के लेटरपैड पर जारी की गई रसीद पुस्तिका की एक फोटो प्रति जिसका रसीद नं0 201 है रिकार्ड में प्रदर्श के पृष्ठ 12 के रूप में रख ली गई है (मूल प्राप्त की गई और देख ली गई) मैं संख्या आठ की सभी बरामद की गई रसीद पुस्तिकाएं लाया हूँ । उक्त गिरफ्तार किया गया व्यक्ति एस• टेबो• सिंह पाक हितैषी पश्चिमी (1) का स्वयंभू कमांडर है । पाक हितैषी संगठन से संबंधित आतंकवादी ऐसी रसीदें जारी कर रहे थे और लोगों से पैसा झपट रहे थे ताकि वह भारत संघ से वर्तमान मणिपुर राज्य को अलग करने के अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लक्ष्य को आगे बढ़ा सकें । यह छीना हुआ धन पाक हितैषी आतंकवादियों द्वारा शस्त्र और बारूद प्राप्त करने और भारत सरकार के स्थापित प्राधिकरणों और इसके सुरक्षा बलों के विरुद्ध विभिन्न प्रकार का गुरिल्ला युद्ध करने के उद्देश्य से प्रयोग किया जा रहा था और किया जा रहा है ।

15. उसके द्वारा उल्लेखित घटनाओं से हमें देश के लोगों पर क्या बीत रही है, की तस्वीर भी पता चलेगी ।

16. पी0डब्ल्यू0 6 एस0आई0, होपसन चिपछांग ने कहा :-

"मैं दिनांक 27.10.1995 से सिंगजमई पुलिस स्टेशन पर तैनात हूँ । भारतीय दण्ड संहिता की धारा 121/121-क 13 यू.ए.पी. अधिनियम और 25(1-ख) शस्त्र अधिनियम और 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत एक एफ.आई.आर. पत्र सं0 243(11) 95 पुलिस स्टेशन सिंगजमई की मेरे द्वारा जांच की जा रही है । एफ.आई.आर. की फोटो प्रति प्रदर्श के पृष्ठ 13 के रूप में अंकित की गई है । मैं मूल लाया हूँ । (मूल देखी और वापिस की गई)

दिनांक 17.11.1995 को, द्रुतगामी बल, जिला इम्फाल का एक दल बशीकोंग लैमलोंग मरी फन्गबी रोड पर तलाशी ड्यूटी पर था । उनकी तलाशी के दौरान स्काई-ब्लू रंग के एक रजिस्ट्रेशन सं0 एम.पन.बी. 8986 के वोपीहिया स्कूटर पर दो युवक आए । ये युवक संदिग्ध लगे और फलस्वरूप इन पर नजर रखी गई और इनकी तलाशी ली गई। पहले युवक की तलाशी पर 23 वर्षीय निन्गोथम प्रेम कुमार उर्फ प्रेम पुत्र बेशीकोंग मामंग लेकई के श्री पन0 अनुमा सिंह, के पास से आठ जीवन्त कारतूस लोड हुई .38 बोर की रिवाल्वर बरामद हुई । इसके अलावा उसके पास से एक वाकी-टाकी भी बरामद और जब्त किया गया, उसके पास से पाक हितैषी संगठन से संबंधित कुछ अभियोग लगाने वाले दस्तावेज भी बरामद और जब्त किए गए । दूसरा कियामगी मनीग लेकाई के स्व0 श्री अमूरई सिंह का 23 वर्षीय पुत्र लाइशराम इंगोचा सिंह उर्फ रमेश उर्फ इबोमचा था । उसके शरीर की तलाशी लेने पर 6 जीवन्त कारतूस लोड की हुई एक .38 बोर की रिवाल्वर बरामद और जब्त की गई । इसके अलावा एक वाकी टाकी और एक हैंड ग्रेनेड भी बरामद और जब्त किया गया । यह पकड़े गए व्यक्ति सिंगनमई पुलिस स्टेशन के सुपुर्द कर दिए गए और न्यायिक न्यायालय से पांच दिन के लिए पुलिस हवालात में रखने की आज्ञा ले ली गई । जांच के दौरान उन्होंने मान लिया कि वह पाक हितैषी संगठन के खतरनाक आतंकवादी/कार्यकर्त्ता हैं । उक्त जब्त किए गए शस्त्र और बारूद एफ.एस.एल. को भेज दिए गए और अभी तक इसकी रिपोर्ट नहीं मिली । यह गिरफ्तार किए गए व्यक्ति सलाखों के पीछे हैं और आरोप पत्र एफ.एस.एल. की रिपोर्ट

प्राप्त होने पर वायर किया जायगा । मैंने न्यायालय से हैंड ग्रेनेड को नष्ट करने के विध्वंस आदेश प्राप्त कर लिए हैं । उपर्युक्त हथियार और गोली-बारूद के अतिरिक्त इन दुर्दांत पाक समर्थित उग्रवादियों से अन्य दस्तावेज पकड़े और जब्त किए गए । इन दस्तावेजों को प्रदर्श के पृष्ठ 14 और 15 पर रिकार्ड के रूप में इसके विशुद्ध अंग्रेजी अनुवाद के रूप में रखा गया है (मूल प्रति को देखा गया और लौटा दिया) ।

पाक समर्थित उग्रवादियों का लक्ष्य और उद्देश्य भारत संघ से मणिपुर को पृथक करना (2) मणिपुर को पृथक और प्रभुसत्ता संपन्न राज्य बनाना (3) मणिपुर राज्य द्वारा तथाकथित गंवाया गया क्षेत्र पुनः प्राप्त करना (4) अपना स्वतंत्र पंचायत तंत्र शुरू करना और (5) अपनी सरकार बनाना और उसमें अपना मंत्रिमंडल का गठन करना (6) रोजगारोन्मुखी शिक्षा (7) पूंजीवाद की समाप्ति (8) भू-हदबंदी शुरू करना । उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए वे हथियार और गोला बारूद लाने के प्रयोजन से सुरक्षा कर्मियों को सम्बद्ध कर रहे हैं ताकि विधिवत स्थापित मणिपुर की सरकार तथा भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ा जा सके ।"

17. इस गवाह की गवाही भी उन लोगों के कठोर दृष्टिकोण को उजागर करती है जो क्षेत्र के लोगों के हित में कार्य करना पसंद करते हैं ।

18. पी0डब्ल्यू0-7 एस·आई येलय भीष्म सिंह का बयान :-

"मुझे 21·2·1997 को थोबल पुलिस स्टेशन में सब इंसपेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया। मेरे सामने में केसोपी (कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी) के उग्रवादी संगठन से संबंधित मामले आए । मेरे ध्यान में के·सी·पी· संगठन (कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी) से संबंधित मामले सामने आए । मेरे सामने के·सी·पी· से संबंधित उग्रवादी और आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित विभिन्न मामले सामने आए । अभी तक, शस्त्र अधिनियम, 25(1-ख) और 13 यू·ए·पी· एक्ट और 5 विस्फोटक सब स्टनसेज अधिनियम आई0पी0सी0 अधिनियम की उप धारा 121/121-ए के अंतर्गत मैंने एफ·आई·आर· जिसका नं0 83 (7) 97 है की मूल प्रति लगायी है ।

6·7·1997 को लगभग 5 बजे सुबह मेजर एन·एस·नारंग अपनी पार्टी के साथ थोबल कियाय सिफई के विशेष स्थान पर खोज के लिए पहुंचे । थोबल कियाम सिफई में श्री मोहरी सोरो खोयाम, जिनकी आयु लगभग 40 वर्ष थी के घर में रेड करने

के उपरांत उनके घर से दो सशस्त्र व्यक्तियों को पकड़ा गया । उनकी तलाशी के दौरान उनसे देशी ए के 47, एक ए के 47 की मैगजीन, 9 एम एम के तीन चक्र गोली, एक 36 हथगोला ﴾के टी एफ ए ए﴿ और डी-86 का एक डगनेटर प्राप्त हुआ । दूसरा पकड़ा गया व्यक्ति युयूनाबजम मेयुनु उर्फ डोलेन्दो था । इससे स्वदेश निर्मित 9 एम एम कारबाईन, 9 एम एम के तीन जीवित कारतूस, एक मैगजीन समेत मैगजीन में तीन कारतूस बरामद हुए ।

इससे पूर्व यह मामला लिगोंग पुलिस स्टेशन, थोबल में प्रतिवेदित किया गया था और इसके उपरांत इसे योबल पुलिस स्टेशन स्थानांतरित कर दिया गया था क्योंकि यह इलाका उनके क्षेत्राधिकार में है । प्रथम सूचना रिपोर्ट ﴾ मूल प्रति देखी गयी और वापिस की﴿, इस रिपोर्ट की एक प्रति जिसको प्रदर्श में पृष्ठ 6 पर रखा गया है, जांच पड़ताल के दौरान यह ज्ञात हुआ था कि ये दो उग्रवादी के सी पी संगठन ﴾कांगलिपाक कम्युनिस्ट पार्टी﴿ के कार्यकर्त्ता थे, और ये इस संगठन में फरवरी, 1997 माह में ही भर्ती हुए थे। फरवरी, 1997 में के•सी•पी• में आने के उपरांत और 21•2•97 को पकड़े जाने से पूर्व लूटे गए शस्त्र और बारूद की मदद से ये जनता से धन लूटते थे ।
इ पकड़े गए व्यक्तियों से लूटी गई 14000 रु0 की राशि को श्री मंगांछा, जिला कमांडर के पास पार्टी चंदा के रूप में के•सी•पी• के लक्ष्यों और उद्‌देश्यों का प्रचार, प्रस्तुति और संवर्धन करने के लिए जमा कर दिया गया । अभी मैंने चार्ज और प्रस्तुत नहीं की है क्योंकि एफ•एस•एल• से अभी रिपोर्ट नहीं प्राप्त हुई है ।

के•सी•पी• का मुख्य उद्‌देश्य हिंसात्मक कार्यवाई करके भारत संघ से मणिपुर को पृथक करना है और लूटे गए धन से एक ऐसा आत्म निर्भर मणिपुर राज्य स्थापित करना है जिसकी सरकार साम्यवादी हो, इसके एरिया कमांडर और जिला कमाण्डर शस्त्र और गोला बारूद प्राप्त करते रहते हैं ताकि उनका प्रयोग भारत संघ और राज्य सरकार के सुरक्षा बलों के अलावा विधिवत और कानूनी तरीके से स्थापित मणिपुर राज्य सरकार, तथा भारत सरकार के विरूद्ध युद्ध चलाने में किया जा सके ।

19• इससे हमें इस बात की भी जानकारी हो जाएगी कि देश के उस भू भाग में क्या हो रहा है ।

20. पी॰ डब्ल्यू॰-8 एस॰आई॰ छकछुकलारो पुइया का कहना है कि :-

"मैं 5॰5॰1995 से चूड़ाचांद पुर में तैनात हूँ । इस अवधि के दौरान मुझे के॰वाई॰के॰पल॰ (कांगलाल याओल कन्ना लुप) नामक एक उग्रवादी संगठन की गतिविधियों का पता चला है ।

मैं अपने साथ मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 78(4)97 पुलिस थाना चुराचांदपुर (मूल देखी और लौटा दी गई) लाया हूँ । इसकी प्रति प्रदर्श पी-17 के रूप में रिकार्ड में रखी गई है । उक्त प्रथम सूचना रिपोर्ट भा0दं0संहिता की धारा 121/121-ए/307/384/511 , 25(1-बी) शस्त्र अधिनियम तथा यू0ए0पी0 अधिनियम की धारा 13 के तहत दायर की गई थी ।

11॰4॰97 को सायं लगभग 5॰20 पर एच ब्रजमणि शर्मा, एस॰डी॰पी॰ओ॰ चुराचांदपुर पुलिस थाना एस्कार्ट पार्टी सहित चूराचांदपुर, न्यू बाजार में गश्त पर थे । गश्त के दौरान पिस्तौल लिए हुए एक व्यक्ति ने जे टीमोथी नामक एस्कार्ट कांस्टेबल पर गोली चलाई । सौभाग्य से वह राउंड नहीं चला तथा यह दृश्य देख कर दूसरे एस्कार्ट ने एक कुवराकपम सोमोरजीत मैतेयी उर्फ राधा को काबू कर पकड़ लिया । उसे पकड़ने तथा तलाशी लेने के पश्चात एक स्वचालित एम॰के॰-11/ /श्रेणी 70 का सरकारी माडल बरामद हुआ तथा उसे जब्त कर लिया गया । इसके अतिरिक्त जीवित राउंड, 5 राउंड कार्टेज बरामद किए गए तथा जब्त किए गए । इसके अतिरिक्त दो नोट पैड भी बरामद किए गए जिनको मैं यहां नहीं लाया हूँ तथा जब कभी यह माननीय प्राधिकरण आदेश करेगा इनको प्रस्तुत किया जा सकता है ।

इस गिरफ्तार व्यक्ति से मेरी पूछताछ करने से यह पता चला कि वह के॰वाई॰के॰पल॰ का प्रशिक्षित कार्यकर्ता है । मेरी जांच से यह भी पता चला कि वह बस मालिकों से पार्टी फंड के लिए जबरन धन ऐंठ कर धन एकत्र करने के लिए चूराचांदपुर आया था । आगे और पूछताछ करने पर यह भी पता चला कि वह फुट ड्रिल के लिए शस्त्र एवं गोला बारूद का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उद्देश्य से बंगलादेश गया था । शस्त्र एवं गोला बारूद में यह प्रशिक्षण वे॰के॰वाई॰के॰पल॰ के उद्देश्य एवं लक्ष्यों को प्रापत करने के विशेष प्रयोजन हेतु लेते हैं । के॰वाई॰के॰पल॰ के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं : (1) मौजूदा मणिपुर राज्य में सभी उग्रवादी संगठनों को एक मंच पर संगठित करना तथा इस प्रकार भारत सरकार तथा मणिपुर राज्य के विरुद्ध युद्ध छेड़कर वर्तमान भारत संघ से मणिपुर राज्य की प्रभुसत्ता हासिल करना जिससे इस क्षेत्र को भारत

सरकार से पृथक करना । धन ऐंठने की उक्त कार्रवाई, जो कि बस मालिकों से की गई बताई गई थी, के0वाई0के0एल0 के कार्यकर्त्ताओं द्वारा अपने संगठन के उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए शस्त्र एवं गोला-बारूद खरीदने के उद्देश्य से की जाती थी ।

21. पी0डब्ल्यू0 9 एस0आई0 सिमोजिंग विसन अपना साक्ष्य देंगे:-

"मुझे 29.3.97 से लामलाई पुलिस थाने पर तैनात किया गया । मुझे के0वाई0के0एल0 (कांगलेई याओल कन्ना लुप) उग्रवादी संगठन के कार्यकर्त्ताओं की गतिविधियों का पता चला है । वर्तमान पुलिस थाने में मेरे कार्यकाल के दौरान मैंने भा0दं0संहिता की धारा 121/121-क/307/212/34, 25(1)-ख) शस्त्र अधिनियम, 13 यू0ए0पी0 अधिनियम के तहत मामला प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 12(1)96/एल0एल0आई0 पुलिस थाना पर कार्यवाई की । मैं मूल प्रथम सूचना रिपोर्ट लाया हूं । इसकी प्रति प्रदर्श पी0-18 (मूल देखी गई तथा लौटाई गई) के रूप में चिन्हित है ।

27.1.96 को सांय लगभग 5.30 पर लाम्बलाई के एक संयुक्त सुरक्षा बल ने यैंगगपोकपी के निकट वेगहोन नामक गांव की घेराबंदी कर घर की तलाशी ली । की जा रही तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों तथा संभावित के0वाई0के0एल0 के भूमिगत कार्यकर्त्ताओं के बीच मुठभेड़ हुई । इस मुठभेड़ के फलस्वरूप एक अज्ञात युवक गोली से घायल हुआ अन्य भूमिगत व्यक्ति, बचकर भाग निकला । तलाशी के दौरान थागन गांव के 30 वर्षीय होपसन थंगखुल सुपुत्र हैमिंग टी0 को उसके घर से बरामद हुए के0वाई0के0एल0 से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया गया । उपर्युक्त होपसन ने के0वाई0के0एल0 के भूमिगत कार्यकर्त्ताओं तथा उनके शुभचिंतक को पनाह दी थी । गिरफ्तारी के बाद पुलिस रिमांड प्रदान किया गया और तत्पश्चात न्यायिक हिरासत प्रदान की गई । उक्त होपसन से पूरी तरह तथा बारीकी से पूछताछ की गई तथा उसने बताया कि 24.1.96 को उस अज्ञात युवक ने उससे यैंगगपोकि के निकट जंगल से ईंधन की लकड़ी काटने का काम देने का अनुरोध किया था और 24.1.96 के बाद यह युवक उसके घर में रहा । उक्त हताहत युवक ने अपना परिचय मनिल लेक के खेडम गोपाल सिंह उम्र 23 वर्ष सुपुत्र स्व0 बाबू सिंह के रूप में दिया । उक्त शुभचिंतग से 18 दस्तावेज बरामद हुए । ये 18 दस्तावेज के0वाई0के0एल0 के लैटर हैड पर छपी कैश प्राप्ति बुक (खाली) थी ।

मैं अपने साथ मूल प्राप्ति रसीद तथा लैटर हैड लाया हूं तथा एक छाया प्रति रिकार्ड में रखी गई है तथा उसे प्रदर्श पी-19 (मूल वेखकर लौटा दी गई) के रूप में चिन्हित किया गया है । बरामद हुए तथा जब्त किए गए दस्तावेजों से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के अपराध संबंध की पुष्टि हुई तथा इससे उग्रवादी संगठन के0वाई0के0एल0 के साथ उसके संबंध सिद्ध हुए ।

के0वाई0के0एल0 उग्रवादी संगठन का उद्देश्य भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध छेड़ना तथा वर्तमान मणिपुर राज्य को भारत संघ से अलग करना और मौजूदा मणिपुर राज्य तथा दक्षिण-पूर्वी मध्य एशिया के भौगोलिक क्षेत्रों को एक राष्ट्र के रूप में स्वतंत्र कराना है । इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विधि द्वारा स्थापित मणिपुर सरकार तथा भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के उद्देश्य से शस्त्र एवं गोला-बारूद प्राप्त करने के प्रयोजन से वे सुरक्षा कार्मिकों पर हमला कर रहे हैं । मणिपुर की वर्तमान घाटी क्षेत्रों में मूलरूप से रहने वाला एक सम्प्रदाय मैती के नाम से जाना जाता है । उनका उद्देश्य मणिपुर को प्रथक कर एक प्रथक मणिपुर राष्ट्र बनाना है ।

22. इन अभिसाक्ष्यियों के साक्ष्य से देश के उस भाग में व्याप्त स्थिति का भी पता चलेगा ।

23. अभियोजन साक्षी 10 श्री एस0 विनेश कुमार सिंह, अपर सचिव (गृह), मणिपुर सरकार, इम्फाल तथा अभियोजन साक्षी 11 श्री राम फल, डेस्क अधिकारी, गृह मंत्रालय (एन0ई0 प्रभाग), भारत सरकार, नई दिल्ली से इस अधिसूचना के समर्थन में प्रस्तुत शपथ पत्रों में फेरबदल के बारे में पूछताछ की गई ।

24. श्री राम फल के शपथ-पत्र का महत्वपूर्ण अंश निम्न प्रकार है:-

"भारत सरकार को कुछ मैती उग्रवादी संगठनों द्वारा उत्पन्न मणिपुर राज्य में विद्रोह की समस्या से निबटना है । ये उग्रवादी संगठन हैं - सामान्यतः पी0एल0के0 रूप में जानी जाने वाली पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी0एल0ए0) जो कि रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आर0पी0एफ0) नामक संगठन का शस्त्र विंग है, पीपुल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक जो सामान्यतः पी0आर0ई0पी0ए0के0 के नाम से जानी जाती है और इसका रेड

आर्मी नामक फ्रंट संगठन तथा पार्टी (के0सी0पी0) और इसका सशस्त्र विंग तथा रेड आर्मी के नाम से भी जानी जाती है, द यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट (यू0एन0एल0एफ0), दोनों गुट और कांगलई यावोल कन्बा लुप (के0वाई0के0एल0) अब से संयुक्त रूप से मैती उग्रवादी संगठन के रूप में जाना जाएगा । इन सभी उग्रवादी संगठनों ने खुले तौर पर एक स्वतंत्र प्रभुता संपन्न मणिपुर राज्य के गठन के रूप में अपने उद्देश्य की घोषणा कर दी है जिसमें मौजूदा मणिपुर राज्य होगा । वे इस उद्देश्य को ऐसा भारत संघ के क्षेत्र में से मणिपुर राज्य के क्षेत्र से मौजूदा मणिपुर राज्य के क्षेत्र को अलग करके हासिल करना चाहते हैं । इस उद्देश्य को मद्देनजर रखते हुए यह संगठन तथा उनसे जुड़े व्यक्ति इन क्षेत्रों के नागरिकों, सरकारी कर्मचारियों पुलिस तथा सुरक्षा बल कार्मिकों को निशाना बना रहे हैं तथा आतंकित कर रहे हैं । भारत संघ से मणिपुर राज्य को अलग करने के नापाक इरादे को पूरा करने के लिए वे डराने धमकाने तथा जनता से अवैध रूप से भारी मात्रा में धन ऐंठने की कार्रवाइयों में भी लिप्त रहे हैं उन्होंने सुरक्षित रूप से आवागमन, आश्रय, प्रशिक्षण तथा अवैध रूप से शस्त्र एवं गोला-बारूद जुटाने के लिए सहायता प्राप्त करने के लिए कुछ दूसरे देशों से भी संपर्क किया है जो भारत के सुरक्षा हितों के लिए खतरनाक है ।

सभी 5 मैती उग्रवादी संगठनों ने पर्चे तथा हैंड आउट्स भी जारी किए हैं । रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आर0पी0एफ0) जो कि पी0एल0ए0 का राजनैतिक विंग है, ने 1990 में प्रथम पार्टी कांग्रेस में स्वीकार्य किए गए अपने संविधान में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया कि वह अपनी आर्मी को पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी (पी0एल0ए0) के नाम से जानेगी और यह कि "स्वतंत्रता संग्राम" में शामिल होने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस पार्टी का सदस्य हो सकता है । इसके अतिरिक्त 25 फरवरी, 1995 को आर0पी0एफ0 द्वारा जारी किए गए "मणिपुर की प्रभुसत्ता की मांग का संक्षिप्त ब्यौरा" पर्चे में मणिपुर के लोगों का आह्वान किया गया था कि वे "मणिपुर तथा इसके लोगों के लिए प्रभुसत्ता तथा स्वनिर्णय" के लिए लड़े । उन्होंने भारत के सामंतवादी विचारधारा वाले लोगों के तथाकथित अवैध और असंवैधानिक व्यवसाय का भी भर्त्सना किया ।

इसी प्रकार, यू0पन0पल0पफ0 ने मणिपुर के भारत संघ में विलय का विरोध किया और वे भारत द्वारा मणिपुर के तथाकथित विलय के विरुद्ध अभियान चला रहे हैं । अपनी मांगों के समर्थन में यू0पन0पल0पफ0 मणिपुर की जनता को यह संदेश दे रहे हैं और उनसे पिछले कुछ वर्षों से 21 सितम्बर से 25 अक्टूबर तक "भारत विलय माह का विरोध" करने का अनुरोध कर रहे हैं । पी0आर0ई0पी0प0के0, के0सी0पी0 तथा के0वाई0के0पल0 ने भी मणिपुर को भारत संघ से अलग करने के उद्देश्य को प्राप्त करने के साधन के रूप में सशस्त्र संघर्ष अपना लिया है । अपने अलगाववादी, आतंकवादी तथा हिंसक गतिविधियों को जारी रखने के लिए साधन जुटाने के लिए सभी 5 उग्रवादी संगठन निरन्तर डराने धमकाने तथा आम जनता से विशेषकर व्यवसायियों तथा व्यापारियों से जबरन धन ऐंठने का सहारा ले रहे हैं । 1•9•1995 से 31•10•1997 की अवधि के दौरान पांच मैती उग्रवादी संगठनों द्वारा जारी पिम्फलैट्स, हैण्ड आउट्स तथा डिमाण्ड नोटिसों सहित अनेक दस्तावेज संलग्न हैं । इनमें उनके अलगाववादी उद्देश्यों, आतंकवादी तथा हिंसक साधनों तथा डराने धमकाने तथा धन ऐंठने की गतिविधियों का उल्लेख किया गया है । 1•9•1995 से 31•10•1997 की अवधि के दौरान आतंकवादी तथा हिंसक गतिविधियों, जिनमें ये 5 उग्रवादी संगठन शामिल थे, का विवरण दर्शाने वाला दूसरा विवरण संलग्न है ।

विगत में मैती उग्रवादी संगठनों को विधि विरुद्ध गतिविधि (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत "विधि विरुद्ध संगठनों" के रूप में घोषित कर दिया गया था । पी0पल0प0 तथा पी0आर0ई0पी0प0के0 तथा रेड आर्मी नामक इसके संगठन को पहले 26•10•1979 से दो वर्ष की अवधि के लिए "विधि विरुद्ध संघों" के रूप में घोषित किया गया था । पी0पल0प0 तथा पी0आर0ई0पी0प0के0 के अतिरिक्त के0सी0पी0 को भी 26•10•1983 से विधि विरुद्ध संघ के रूप में घोषित किया गया था । इसी प्रकार यू0पन0पल0पफ0 को भी 26•10•1987 से विधिविरुद्ध संघ के रूप में अधिसूचित किया गया था । के0वाई0के0पल0 को पहली बार 26•10•1995 से विधिविरुद्ध संघ के रूप में अधिसूचित किया गया था । मैती उग्रवादी संगठनों को विधिविरुद्ध संघों के रूप में घोषित करने वाली अधिसूचनाओं तथा इस प्रयोजनार्थ गठित किए गए प्राधिकरणों द्वारा की गई अभिपुष्टियों को भी दर्शाने वाला विवरण संलग्न है । "विधिविरुद्ध संघों" के रूप में अलगाववादी तथा उग्रवादी संगठनों की घोषणा उनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए

विधि प्रवर्तन प्राधिकारियों के लिए सहायक है । यह इस प्रकार घोषित संगठनों को स्पष्ट रूप से अपने उद्देश्यों का प्रचार-प्रसार करने से भी रोकती है तथा ऐसे व्यक्तियों, जो इनके सदस्य नहीं हैं, को इन संगठनों की मदद करने के लिए हतोत्साहित करती है । 1·9·1995 से 31·10·1997 तक की अवधि के दौरान पंजीकृत मामलों/प्रस्तुत किए गए आशय पत्रों तथा मणिपुर सरकार द्वारा इन संगठनों के कार्यकर्त्ताओं पर चलाए गए अभियोजन के विवरण को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है । मणिपुर राज्य सरकार और अन्य स्त्रोतों से समय-समय पर उपलब्ध सूचना से पता चलता है कि मैती उग्रवादी संगठनों नामशः पी0एल0ए0, प्रीपाक, के0सी0पी0 और यू0एन0एल0एफ0 और उनके फ्रन्ट संगठनों और सशस्त्र विंगों के भी उद्देश्यों और दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं आया है । वास्तव में नया मैती उग्रवादी गुट, नामशः कांगलेई याओल कांबा लुप (के0वाई0के0एल0) का गठन यू0एन0एल0एफ0 (अेकन गुट) प्रीपाक (खुम्बा गुट) और के0सी0पी0 (इबोपिशाक गुट) के कुछ सदस्यों द्वारा किया गया था । प्रेस की एक सूचना के अनुसार उपरोक्त गुटों ने 23·5·94 को बैठक करके भारत संघ से अलगाव के सामान्य उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मणिपुर राज्य में सक्रिय सभी मैती अलगाववादी गुटों, जिन्हें प्रियोक्ति के रूप में क्रांतिकारी गुट कहा गया है, को संगठित करने के खुल्लम-खुल्ले उद्देश्य से के0वाई0के0एल0 के गठन का निर्णय लिया था । इन सभी पांचों मैती उग्रवादी संगठनों ने मणिपुर के अलगाव को अपना सतत उद्देश्य बना रखा है और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए ये आतंकवादी और हिंसक तौर-तरीके अपनाते रहे हैं ।"

25· हलफनामे में सरकार का सामान्य दृष्टिकोण भी दोहराया गया है ।

"दूसरी ओर सरकार की यह नीति रही है कि अलगाववादी और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल लोगों से सख्ती से निपटा जाए जबकि साथ-ही-साथ सरकार उनको राष्ट्रीय जीवन की मुख्य धारा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के भी सतत प्रयास करती रही है बशर्ते कि वे हिंसा का मार्ग त्यागकर भारत के संविधान के दायरे में काम करने पर राजी हो जाए । इस व्यापक नीतिगत ढांचे के तहत सरकार ने कई श्रृंखलाबद्ध उपाय किए हैं जिनमें गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों को "अशान्त क्षेत्र" घोषित करना, अत्यधिक सांघातिक विद्रोही गुटों को "विधिविरुद्ध संगम" अधिसूचित करना, केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों और सेना की अतिरिक्त टुकडियां तैनात करना, राज्य पुलिस बलों और जेल प्रशासन के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए पूर्वोत्तर राज्यों को वित्तीय सहायता का विस्तार शामिल है ।"

26. विकास कार्यों के संबंध में भारत सरकार का कहना है कि :-

"इसके अतिरिक्त, पूर्वोत्तर राज्यों के समग्र विकास के लिए सरकार ने उन सबको विशेष श्रेणी राज्य घोषित किया था जिससे वे 90 प्रतिशत अनुदान और 10 प्रतिशत ऋण आधार पर केन्द्रीय विकास सहायता प्राप्त करने के हकदार हो जाते हैं जबकि दूसरे राज्यों को यह सहायता 30 प्रतिशत अनुदान और 70 प्रतिशत ऋण आधार पर मिलती है । पूर्वोत्तर राज्यों का अधिकांश गैर-आयोजना व्यय भी केन्द्र सरकार ही पूरा करती है । पूर्वोत्तर परिषद (एन0ई0सी0) की स्थापना 1971 में पूर्वोत्तर राज्यों के विकासात्मक प्रयासों, विशेषकर विद्युत परियोजना, सिंचाई परियोजना, अंतर्राज्य सड़कों, बाढ़ नियंत्रण योजनाओं आदि जैसी अंतर्राज्य प्रासंगिकता वाली बड़ी आधारभूत परियोजनाओं की मदद करने के उद्देश्य से किया गया था । विकासात्मक कार्यकलापों और केन्द्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए मंत्रियों की एक समिति भी केन्द्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में गठित की गई है । बड़ी विकास परियोजनाओं/योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए इसकी सामयिक आधार पर बैठकें होती है और उनके कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं

इन उपायों के एक मात्र के रूप में रेलवे ने शेष देश के साथ शेष देश के साथ पूर्वोत्तर रेलवे नेटवर्क को जोड़ने के लिए मीटरगेज रेलवे लाईन को ब्रोडगेज में बदलने का जिम्मा लिया है । इसी प्रकार नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भी पूर्वोत्तर में हवाई अड्डों पर सुविधाओं के उन्नयन और सुधार करने के अलावा निजी एयरलाइनों को पूर्वोत्तर में गंतव्यों को जोड़ने की अनुमति दी है । महत्वपूर्ण विकासात्मक आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराने के अलावा ऐसी परियोजनाएं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराती है ।

27. अपने हलफनामे में सरकार ने कहा है कि यह मैती संगठन 26.10.95 से विधिविरुद्ध संगम घोषित किए जाने के बावजूद सतत रूप से ऐसी विधिविरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त रहा है ।

28. अपने हलफनामे में सरकार ने जो भी बातें कही हैं वे सारी सरकार द्वारा प्रस्तुत मौखिक साक्ष्यों में स्पष्टतया सामने आई है और सरकार का कहना है कि :-

"अपने पास उपलब्ध सारी सूचना की जांच करने के बाद केन्द्र सरकार इस नतीजे पर पहुंची है कि "द पीपल्स लिब्रेशन आर्मी" जिसे आमतौर पर पी0एल0ए0 के नाम से जाना जाता है, और इसकी राजनैतिक शाखा रिवॉल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आर0पी0एफ0) द पीपल्स पार्टी ऑफ कांगलेईपाक (प्रीपाक) और "रेड आर्मी" के नाम से जानी जाने वाली इसकी सशस्त्र शाखा और कांगलेईपाक कम्यूनिस्ट पार्टी (के0सी0पी0) जैसी प्रीपाक की प्रशाखाएं भी तथा "रेड आर्मी" नामक इसकी भी सशस्त्र शाखा एवं यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट (यू0एन0एल0एफ0) तथा कांगलेई याओल कांबा लुप (के0वाई0के0एल0), (जिन सबको इसके बाद मैती उग्रवादी संगठन कहा गया है) -

(i) अपने वर्तमान मणिपुर राज्य को मिलाकर एक स्वतंत्र संप्रभू मणिपुर देश की स्थापना को अपना उद्देश्य खुलेआम घोषित कर रखा है और भारत संघ से उक्त राज्य को अलग करने के अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए हिंसक गतिविधियों का सहारा लेते रहे हैं ।

(ii) अपने उपरोक्त उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सशस्त्र व्यक्तियों, अतिवादियों नाम से तथाकथित पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी, रैड आर्मी, उनके सदस्य एवं उनके द्वारा स्थापित अन्य निकायों को अपने कार्यों में लगाते रहे हैं ।

(iii) अपने उपरोक्त उद्देश्य की प्राप्ति के लिए भारतीय सुरक्षा बलों, विधि सम्मत सिविल सरकार और मणिपुर राज्य के नागरिकों पर हमला कराने के लिए सशस्त्र उग्रवादियों और/या सदस्यों को अपने कार्य में लगाते रहे हैं तथा अपने संगठनों के लिए धन संग्रहित करने के लिए नागरिकों के विरुद्ध आगजनी, लूटपाट और डराने धमकाने के कार्यों में संलिप्त रहे हैं ।

(iv) अपने उपरोक्त उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए शस्त्र गोलाबारूद प्रशिक्षण के रूप में सहायता प्राप्त करने के लिए विदेशों से अपने संबंध बनाने का प्रयास करते रहे हैं ।

29. संगठन की विधिविरुद्ध गतिविधियों के बारे में स्वयं का समाधान होने के बाद ही सरकार ने यह राय बनाई थी और अधिसूचना जारी की थी । सरकार द्वारा लिया गया निर्णय निम्नवत है -

"केन्द्र सरकार पुनः इस नतीजे पर इसलिए पहुंची है क्योंकि -

(क) मैती उग्रवादी, सशस्त्र गुट और पांचों मैती "संगठनों के सदस्य नागरिकों पर और पुलिस/सुरक्षा बलों के कार्मिकों पर बार-बार सतत और बिना रुके हमला करते रहे है और हिंसक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं -

(iii) मैती उग्रवादी संगठनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है ।

(iiii) धन की लूट-खसोट और अत्याधुनिक हथियारों की प्राप्ति तेजी से की जा रही है । कुछ पड़ोसी देशों में प्रशिक्षण शिविरों की स्थापना के बारे में सूचनाएं अधिक मिल रही हैं ।

30. प्रस्तुत साक्ष्यों और मेरे समक्ष रखी गई सामग्री के आधार पर मैं इस बात से संतुष्ट हूं कि भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना पूर्णतः न्यायसंगत है और उक्त संगठनों को विधिविरुद्ध कार्यकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3(2) के तहत विधिविरुद्ध घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं ।

31. इस मामले को छोड़ने से पहले इस अवसर का लाभ उठाते हुए सभी संबंधितों से मेरा अनुरोध है कि वे श्री सत्य साई बाबा द्वारा दी गई इस सलाह को ध्यान में रखें कि एक सही काम का परिणाम कभी बुरा नहीं होता है । बाबा ने कहा था कि :-

> यदि दिल में सफाई होगी तो चरित्र में सुंदरता होगी, यदि चरित्र में सुंदरता होगी, तो घर में सामंजस्य आएगा, जब घर में सामंजस्य आएगा तो देश में व्यवस्था आ जाएगी जब देश में व्यवस्था आ जाएगी तो विश्व में शांति छा जाएगी ।"

32. मुझे पूरी आशा है कि विधिविरुद्ध कार्यकलापों में संलिप्त व्यक्तियों को एक-न-एक दिन सदबुद्धि जरूर आएगी और वे बाबा के स्वर्णिम शब्दों में "सत्यमवद धर्मम् चर का अनुपालन करेंगे ।"

33. अधिसूचना का0आ0 780(अ) दिनांक 13 नवम्बर, 1997 की विधिविरुद्ध (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4 के तहत पुष्टि की जाती है ।

मई 6, 1998

ह0/-
(अध्यक्ष)
विधिविरुद्ध कार्यकलाप (निवारण)
अधिकरण

[सं. 8/67/97-एन. ई. I]
जी. के. पिल्लै, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 14th May, 1998

S.O. 399(E).—The following is published for general information:—

BEFORE HON'BLE MR. JUSTICE K. RAMAMOORTHY

UNLAWFUL ACTIVITIES (PREVENTION) TRIBUNAL

In the matter of :

MEITEI EXTREMIST ORGANISATIONS -

[THE] UNLAWFUL ACTIVITIES (PREVENTION) ACT, 1967

The Government of India issued the Notification S.O. 780 (E) dated 13th November, 1997 and the same reads as under :-

"Whereas the People's Liberation Army, generally known as the PLA, and its political wing the Revolutionary People's Front (RPF), the United National Liberation Front (UNLF), the People's Revolutionary Party of Kangleipak (PREPAK) and its armed wing the "Red Army", the Kangleipak Communist Party (KCP) and its armed wring also called the "Red Army" and the Kanglei Yaol Kanba Lup (KYKL) (hereinafter collectively referred to as the Meitei Extremist Organisations) have :

(i) openly declared as their objective the formation of an independent Manipur by secession of Manipur estate from the Union of India;

(ii) been employing and engaging in armed means to achieve their aforesaid objective;

(iii) been attacking the Security Forces, the Police, Government employees and law-abiding citizens in Manipur;

(iv) been indulging in acts of intimidation, extortion and looting of civilian population for collection of funds for their organisation; and

(v) been making efforts to establish contracts with sources abroad for influencing public opinion and for securing assistance by way of arms and training for the purpose of achieving their secessionist objective.

2. And whereas the Central Government is of the opinion that for the reasons aforesaid, the Meitei Extremist Organisations and other bodies set up by them, including the armed groups named above, are unlawful associations.

3. Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967) the Central Government hereby declares the Meitei Extremist Organisations, namely, the People Liberation Army (PLA) and its political wing the Revolutionary People's Front (RPF), the United National Liberation Front (UNLF), People's Revolutionary Party of Kangleipak (PREPAK) and its Red Army, the Kangkeipak Communist Party (KCP) and its armed wing also called the Red Army and Kanglei Yaol Kanba Lub (KYKL) to be unlawful associations.

4. And whereas-

(i) there have been repeated continuing and on going acts of violence and attacks by (armed groups and members of the Meitei Extremist Organisations) on the Security Forces and the civilian population;

(ii) there has been an increase in the strength of the Meitei Extremist Organisations;

(iii) there has been continued collection of funds/extortions and acquisition of sophisticated weapons;

(iv) camps in some neighbouring countries continue to be maintained for the purpose of sanctuary, training and clandestine procurement of arms and ammunition.

